# रामपुर व मेरठ के बदमाशों ने डाली थी व्यापारी के घर डकैती

## मुख्य आरोपी के दोनों पैरों व उसके साथी बदमाश के एक पैर में लगी गोली, पुलिस ने दोनों किए गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पूरनपुर के किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के घर हुई 40 लाख की डकैती का 51 दिन बाद शुक्रवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। इस घटना को मेरठ और रामपुर के बदमाशों ने अंजाम दिया था। पुलिस से मुठभेड़ के दौरान पैरों में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया। उनके गैंग के तीन बदमाश अभी फरार हैं, जिनके बारे में छानबीन चल रही है। एसपी ने धरपकड़ करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार का नकद इनाम देने की घोषणा की है।

यह घटना 30 जनवरी की रात हुई थी। कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के रंपुरा गांव निवासी किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के मकान में घुसे पांच बदमाश पूरे परिवार को बंधक बनाकर करीब 40 लाख का माल लूटकर ले गए थे। इस घटना के खुलासे को पुलिस की चार टीमें लगी थीं। पुलिस शुरुआत से बाहरी बदमाशों के होने का अंदेशा जता रही थी।


मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल आरोपी रिजवान को ले जाते पुलिस कर्मी।


मुठभेड़ में गोली लगने से घायल फरमान को ले जाती पुलिस वाले।

शुक्रवार को पुलिस लाइन में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी ने बताया कि पुलिस ने छानबीन के दौरान कुछ बदमाश ट्रेस कर उनके बारे में सुरागरसी तेज कर दी। इसी बीच गुरुवार 21 मार्च की रात करीब एक बजे पुलिस को कुछ बदमाशों के वारदात को अंजाम देने के लिए क्षेत्र में सक्रिय होने की सूचना मिली। इस पर पूरनपुर इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला व एसओजी प्रभारी सुनील कुमार शर्मा ने पुलिस टीम के साथ कलीनगर रोड स्थित माधोटांडा रेलवे क्रासिंग के पास एक निर्माणाधीन कॉलोनी के पास चेकिंग शुरू कर दी। तभी वहां पहुंचे काले रंग की कार को पुलिस

- **आरोपियों से साढ़े तीन लाख रुपये, पिस्टल और घटना में इस्तेमाल की गई कार बरामद**

कर्मियों ने रोकने के लिए इशारा किया। मगर चालक ने गाड़ी रोकने के बजाय कलीनगर को जाने वाले रास्ते पर मोड़कर दौड़ा दी। इससे उनकी कार पेड़ से टकरा गई। पीछे से पुलिस पहुंची तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। बदले में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। पुलिस की गोली लगी, जिससे दोनों घायल हो गए।इनमें एक बदमाश मेरठ जिले के थाना सरधना क्षेत्र के मोहल्ला पीरजादगन निवासी फरमान पुत्र हनीफ कुरैशी और

### नवागत कप्तान ने नए सिरे से कराई घटना की पड़ताल तो बदमाशों तक पहुंच गई पुलिस

एसपी अतुल शर्मा के तबादले के बाद नवागत एसपी अविनाश पांडेय ने 29 फरवरी को चार्ज लेने से पहले घटनास्थल पर जाकर मौका मुआयना किया था। अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया को भी लगाया गया। तत्कालीन इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया। एक माह के भीतर पुलिस घटना में इस्तेमाल गाड़ी का भी पता नहीं लगा सकी थी। इस एंगल को पर कोई खास काम नहीं हुआ था मगर एसपी –एएसपी ने इसी से शुरुआत की। सीसीटीवी में दिख रही गाड़ी के फोटो/वीडियो को एएसपी ने नेशनल फारेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी गुजरात भेजकर मॉडल के बारे में जानकारी कराई। इसके अलावा प्राप्त सीसीटीवी फुटेजों को शेयर कर काम कराया गया। जिसके बाद इस गिरोह का इनपुट मिला था। जिसका परिणाम रहा कि इसके 21 दिन के भीतर सुराग जुटाकर खुलासे तक पुलिस पहुंच गई।

### रेकी के बाद दिया था वारदात को अंजाम

पुलिस की मानें तो पकड़े गए दोनों बदमाशों ने अपने साथियों की मदद से पहले रेकी की थी। किराना व्यापारी का मकान बाहर की तरफ था। व्यापारी के घर के गेट पर जाली नहीं थी। जिसे बाहर से ही कोई व्यक्ति हाथ डालकर खोल कसता था। इसके अलावा सीसीटीवी की क्वालिटी भी बेहतर नहीं थी। ऐसे में उन्होंने पहले आवाजाही समेत अन्य बिंदुओं पर रेकी। जिसके बाद आसान टारगेट दिखा तो प्लानिंग कर डकैती की वारदात कर डाली।

> डकैती की घटना करने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार हुए हैं। इनसे बरामदगी भी की गई है। तीन साथियों के नाम भी प्रकाश में आए हैं। इस पर गहनता से पड़ताल कराई जा रही है। उन्हें भी जल्द पकड़ा जाएगा और शत प्रतिशत बरामदगी का प्रयास रहेगा।
> – **अविनाश पांडेय,** एसपी

दूसरा रामपुर के थाना स्वार क्षेत्र के मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी चक स्वार निवासी रिजवान उर्फ बॉबी उर्फ मुल्ला पुत्र खैराती कुरैशी है। फरमान के एक पैर और रिजवान के दोनों पैरों में गोली लगी, जिससे पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त कार, व्यापारी के घर से लूटे गए 3.5 लाख रुपये, पिस्टल 32 बोर, एक तमंचा, चार कारतूस बरामद हुए। घायल बदमाशों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान व्यापारी सुनील गुप्ता, उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, जिला महामंत्री शैली अग्रवाल, प्रांतीय नेता हंसराज गुलाटी आदि भी मौजूद रहे।

### आरोपी रिजवान के खिलाफ दर्ज हैं 19 मुकदमे

पूछताछ के दौरान बदमाशों ने अपने फरार हुए तीन साथियों के नाम भी बताए। हालांकि अभी इस पर पुलिस जांच कर रही है। लूट की घटना का मास्टर माइंड आरोपी रिजवान बताया जात है। वर्तमान में फरमान गाजियाबाद के डासना गेट, जबकि रिजवान मुरादाबाद के मजार स्लाटर इलाके में रह रहा था। आरोपी फरमान पर शामली, मेरठ के विभिन्न थानों में गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट, लूट के पांच मुकदमे दर्ज हैं। रिजवान उर्फ बॉबी पर बरेली, बुलंदशहर, मेरठ, मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, बाजपुर में डकैती, चोरी आदि के 19 मुकदमे हैं।

# जमीन की उर्वरा शक्ति बचाने को नैनो यूरिया का करें उपयोग


बिलसंडा में आयोजित किसान गोष्ठी में मौजूद उर्वरक व्यापारी और किसान।

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** नगर के एक बरात घर में शुक्रवार को होली मिलन समारोह व किसान गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें किसानों को नाइट्रोजन के बजाय नैनो यूरिया का अधिक प्रयोग करने की सलाह दी गई। नाइट्रोजन से फसलों में होने वाले दुष्प्रभाव को भी बताया गया।

नगर के उर्वरक व्यापारी पंकज जायसवाल, आलोक जायसवाल रिंकू की ओर से कराई गई गोष्ठी में नोएडा से आए कंपनी के जनरल मैनेजर डा. गोपाल शर्मा, राजीव गुप्ता, एजीएम डा. मनमोहन शर्मा ने बताया कि किसानों के हित में कंपनियां नाइट्रोजन का उत्पादन आधा करने जा रही है। भूमि की उर्वरा शक्ति बचाने के लिए डिब्बा बंद नैनो यूरिया का उपयोग करना चाहिए। 50 किलो दानेदार यूरिया की अपेक्षा बाजार में लाई गई नैनो डिब्बा बंद यूरिया 10 गुना अधिक कारगर है। क्षेत्रीय सेल्स प्रबंधक केएम यादव ने नैनो डीएपी एवं यूरिया के सही उपयोग की जानकारी दी। गोष्ठी में प्रियांशु मिश्रा, अनिल सक्सेना,राजीश गुप्ता,अजय जायसवाल, संजीव गुप्ता,नरेश गंगवार प्रधान, दिनेश शर्मा,रवि जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# बेसिक स्कूल में किताबें जलाने का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के एक स्कूल में किताबों में आग लगाने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर डीएम ने जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट में किताब जलाने की बात को गलत बताया गया है।

परिषदीय विद्यालयों में नया शैक्षिक सत्र शुरु होने से पहले किताबें भेजने की तैयारी चल रही है। जिले में किताबों की खेप पहुंची है। कुछ स्कूलों में वितरण भी किया जा रहा है। इस बीच शुक्रवार को सोशल मीडिया पर मरौरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय अलीगंज देशनगर में किताबों में आग लगाने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल मैसेज डीएम संजय कुमार के संज्ञान में आया। इस पर डीएम ने बीएसए अमित

- **डीएम के निर्देश पर बीएसए ने कराई मामले की जांच, बोले-किताबें जलाने की बात गलत**

कुमार सिंह को जांच कर तत्काल रिपोर्ट देने को कहा। बीएसए ने मरौरी बीईओ शिव शंकर मौर्या को मौके पर भेजा। बीईओ ने स्कूल में प्रधानाध्यापिका से मामले की जानकारी करने के बाद स्थलीय निरीक्षण किया। वहां उन्हें स्कूल में गेट के पास जलाई गई किताबों की राख मिली।

हालांकि बीईओ शिव शंकर मौर्या का तर्क है कि स्कूल में किसी भी तरह की कोई किताब नहीं जलाई गई है। बल्कि स्कूल में बच्चों के द्वारा फटी पुरानी कॉपियों के पन्ने फाड़कर फेंक जाते हैं। उन्हें स्कूल में सफाई के दौरान जलाया गया है। बीएसए अमित कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई गई थी। बीईओ की रिपोर्ट में स्कूल में किताबें नहीं जलाने की बात कही गई है। अगर किसी के पास किताबें जलाते हुए का वीडियो है तो दे। दोबारा से जांच कराई जाएगी।

### परिषदीय विद्यालयों के 24,283 बच्चों ने छोड़ा अंग्रेजी का पेपर

**पीलीभीत,अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में तीसरे दिन शुक्रवार को कक्षा दो से आठ तक के छात्र-छात्राओं का अंग्रेजी का पेपर हुआ। जिसमें 24,283 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी। जबकि 169,960 बच्चों ने परीक्षा में हिस्सा लिया।

जिले के 1499 परिषदीय विद्यालय और नौ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में परीक्षा कराई गई। कक्षा दो, तीन, चार, पांच छह, सात और आठ के परीक्षार्थियों का अंग्रेजी के विषय की लिखित परीक्षा कराई गई। परीक्षा में कुल 164,243 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें अमरिया ब्लॉक में 19705 में 16610 ने परीक्षा दी। इसी तरह बरखेड़ा में 25617 में 22991, ललौरीखेड़ा में 19416 में 15164, बीसलपुर में 23500 में 20780, मरौरी में 24587 में 21322, बिलसंडा में 26576 में 20548, पूरनपुर में 52344 में 50537 और नगरीय क्षेत्र में 2498 में 2008 ने परीक्षा दी। बीएसए अमित कुमार सिंह ने बताया कि तीसरे दिन अंग्रेजी विषय का पेपर कराया गया था। जिसमें 24,283 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई है।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने पनीर और बेसन के नमूने लिए

**पूरनपुर, अमृत विचार:** होली पर्व को लेकर खाद्य पदार्थों में मिलावट का खेल किया जाता है। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से 15 मार्च से 24 मार्च तक विशेष छापामार अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को अभिहित अधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा की टीम ने कस्बे में छापामारी की। इस दौरान स्टेशन रोड पर खंडेलवाल स्वीट्स के यहां से पनीर का नमूना जांच के लिए लिया गया। इसके अलावा टीम ने संजय गांधी मार्ग पर मौजूद बनारसी किराना स्टोर से संदिग्ध बेसन का नमूना लिया। खाद्य सुरक्षा टीम की छापेमारी को लेकर खलबली मच गई।

- **जिले में कल तक चलाया जाएगा विशेष छापामार अभियान**

# 30 को हो सकता है सीआरएस निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनपदवासियों के लिए खुशखबरी है। पीलीभीत से लखनऊ तक का सफर करने की बांट जोह रहे रेल यात्रियों की राह जल्द आसान होगी। पीलीभीत-शाहगढ़ रेल ट्रैक पर सीआरएस निरीक्षण 30 मार्च को हो सकता है। इससे पूर्व 27 मार्च को ईआइजी टीम का निरीक्षण होगा। इसको लेकर कार्यक्रम भी जारी किया गया है।

मैलानी- पीलीभीत रेलखंड के आमान परिवर्तन के लिए मई 2018 मेगा ब्लाक लिया गया था। गत वर्ष नवंबर में मैलानी से शाहगढ़ के बीच ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। इसके बाद पीलीभीत से शाहगढ़ के बीच आमान परिवर्तन के साथ विद्युतीकरण का कार्य तेजी से शुरू किया गया था। वन विभाग की आपत्ति के चलते पीलीभीत-शाहगढ़ के बीच करीब दो साल का


पीलीभीत-शाहगढ़ रेलवे ट्रैक।

काम अटका रहा। एनओसी मिलने के बाद पीलीभीत-शाहगढ़ के बीच कार्यदायी संस्था द्वारा तेजी से काम कराया गया। माला नदी पर पुल निर्माण के साथ विद्युतीकरण का कार्य तेजी से कराया गया। इधर अब पीलीभीत-शाहगढ़ ट्रैक का काम पूरा हो चुका है। काम पूरा होने के बाद सीआरएस निरीक्षण को लेकर पत्रावली गोरखपुर भेजी गई थी। इस

- **शाहगढ़-पीलीभीत रेल ट्रैक पर ट्रेनें दौड़ने से आसान होगा लखनऊ तक का सफर**

बीच आरवीएनएल के महाप्रबंधक समेत मंडलीय अधिकारियों द्वारा नवनिर्मित ट्रैक का निरीक्षण किया जा चुका है। इधर, अब नवनिर्मित रेल ट्रैक के सीआरएस निरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है। इसमें 30 मार्च को संभावित सीआरएस निरीक्षण होने की जानकारी दी गई है। प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंघल की ओर से जारी कार्यक्रम में बताया गया कि रूट पर नान इंटरलाकिंग होना है। इसके बाद 30 मार्च को सीआरएस संभावित है। आरवीएनएल के सेक्शन प्रभारी कृष्ण मोहन विश्वकर्मा ने बताया कि पीलीभीत-शाहगढ़ ट्रैक तैयार हो चुका है। सीआरएस 30 मार्च को संभावित है। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# बेहतर कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मी सम्मानित


सीएमओ कार्यालय में सम्मानित किए गए कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

**अमृत विचार :** परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान जिले में बेहतर कार्य हुआ। शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय में प्रधानमंत्री मातृत्व योजना में बेहतर कार्य प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को आमंत्रित किया गया। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, एसीएमओ डॉ. हरिदत्त सिंह नेमी ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और ट्राफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में 30 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। सीएमओ ने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह अपने कार्य एवं दायित्वों का मेहनत से निर्वाहन करने को प्रेरित किया।

इस मौके पर सीएमएस महिला अस्पताल डॉ. राजेश कुमार, एसीएमओ डॉ. छत्रपाल सिंह, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. के के भट्ट, डॉ. रतिका, डॉ. नाजनीन आरा आदि मौजूद रहे।

# पकवानों से महक रहा बाजार, पहले से ऑर्डर दे रहे खरीदार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** होली को लेकर महीने भर पहले से होने वाली तैयारी इस बार नहीं दिख रही है। न पहले की तरह घरों में गुझिया बनाने के लिए महिलाओं में उत्साह है, और न आलू का पापड़ बनाने को लेकर बेचैनी। लंबी कवायद और खर्च से बचने के लिए अब बाजार की गुझियों पर अधिकांश लोग निर्भर हो गए हैं। बाजार में हर तरफ गुझियों की खुशबू महक रही है।

हिंदू पचांग के अनुसार इस बार होली 24 मार्च को होगी। अगले दिन 25 मार्च को रंग खेला जाएगा। इसको लेकर बाजार रंग के साथ गुझिया, कचरी पापड़, मेवा आदि से गुलजार हो चुका है। बाजार में इन पर दिन भीड़ बढ़ रही है। मिठाई की दुकानों पर कई दिन पहले ही गुझिया और नमकीन आदि की तैयारी शुरू हो गई थी। शहर के स्टेशन रोड, बरेली दरवाजा, कोतवाली रोड,


शहर की एक दुकान पर गुझिया तैयार करते कारीगर।

- **मिठाइयों की दुकानों पर बढ़ी गुझिया की डिमांड**

चौक बाजार में स्थित मिठाई की दुकानों पर गुझिया आदि पकवान बनाए जा रहे हैं। इस बार बाजार में चासनी वाली गुझिया 280 रुपये किलो, तीन सौ रुपये किलो में मावा की गुझिया बिक रही है। मिठाई दुकानदार संजीव शर्मा ने बताया कि कारीगर गुझिया तैयार करने में जुटे हैं। बीते वर्ष से ज्यादा बिक्री का अनुमान है। ऑर्डर भी आ रहे हैं।

### बाजार में उमड़ रही भीड़, जाम से व्यापारी परेशान

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** कस्बे में होली पर खरीदारी करने के लिए भीड़ उमड़ रही है। कार और ई रिक्शा का भीड़ वाले इलाके में घुसने से जाम की समस्या हो रही है। इससे ग्राहकों के साथ ही व्यापारियों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

होली की तैयारियों को लेकर बाजार गुलजार है। रोजाना बड़ी संख्या में बाजार में खरीददारी करने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। इसके चलते कस्बे की सड़कें दिन भर खचाखच भरी रहती हैं। कार और ई-रिक्शा के बाजार में प्रवेश करने पर जाम की स्थिति बन रही है। शुक्रवार को अखिल भारतीय


एसडीएम राजेश शुक्ला को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

- **व्यापारी बोले-कस्बे में कार और ई-रिक्शा के बेतरतीब संचालन से हो रही दिक्कत**

उद्योग व्यापार मंडल ने जाम की समस्या को लेकर एसडीएम राजेश शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि बाजार में इन दिनों भीड़ है। खरीदारी करने के लिए नगर में आने वाले ग्रामीणों को जाम से जूझना पड़ता है। मेन मार्केट, सीमेंट रोड, स्टेशन रोड पर दिन में कई बार जाम लग रहा। राहगीर घंटों परेशान होते हैं। व्यापारियों ने व्यस्ततम सड़कों पर कार और ई रिक्शा के संचालन का रूट तय करने की मांग की।

ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, महामंत्री हरगोविंद बाजपेई, संगठन महामंत्री अनुज कुमार गुप्ता, अधिवक्ता अमिताभ मिश्र, हाजी लाडले, सुशील गुप्ता आदि थे।

# मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस में हुए हादसे में ग्रामीण की मौत

**पूरनपुर,अमृत विचार:** मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस परिसर में एक ग्रामीण की हादसे में मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर जा पहुंचे और जानकारी जुटाई।

मूलरूप से बलिया जनपद के हल्दीतारन गांव निवासी बृजेश कुमार (48) पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज के गेस्ट हाउस परिसर में रहते थे। उनके भाई चूका में काम करते हैं। शुक्रवार शाम बृजेश गेट हाउस परिसर में गाड़ी की टक्कर लगने से घायल हो गए। उपचार के लिए उन्हें टूरिस्ट गाड़ी से पूरनपुर सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने बृजेश को मृत घोषित कर दिया। इसका पता लगने पर महोफ रेंज के रेंजर सहेंद्र सिंह टीम के साथ अस्पताल पहुंच गए। हादसे की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

उधर, दियोरियाकलां के रहने वाले अजय की ससुराल पूरनपुर के गांव रुदपुर में है। शुक्रवार शाम वह बाइक पर अपनी ससुराल जा रहे थे। बाइक पर पत्नी रेशमा भी बैठी थी। पुरनपुर-पीलीभीत मार्ग पर सकरिया गांव के पास अचानक अजय की बाइक के आगे हिरण आ गया। हिरण से टकराने के बाद अजय और उनकी पत्नी रेशमा घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया। वहां इलाज किया जा रहा है।

# रोटरी क्लब ग्रीन का होली मेला 26 से

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन की ओर से होली मेला व होली मिलन कार्यक्रम कराया जाएगा। इसमें दिल्ली के मशहूर बैंड के पहुंचने के साथ ही रासलीला और लट्ठमार होली खेली जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताएं भी होंगी। मेले की तैयारियों को लेकर क्लब के पदाधिकारियों ने विचार विमर्श किया।

यह रोटरी मेला कस्बे के श्री रामलीला मैदान पर 26 व 27 मार्च को आयोजित किया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, मेला निदेशक संदीप गुप्ता बन्नू ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि मेले में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 26 मार्च को दिल्ली के फ्रेंडशिप बैंड



मीडिया से बातचीत करते रोटरी क्लब ग्रीन के अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, मेला निदेशक संदीप गुप्ता व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **रासलीला होने के साथ लट्ठमार होली खेली जाएगी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे**

के राइजिंग स्टार शिवम मिश्रा अपनी प्रस्तुति देंगे। मेला क्वीन का चयन किया जाएगा। 27 मार्च को बच्चों का राधा कृष्ण रूप सज्जा का शो होगा। मथुरा के कलाकार ब्रज की रासलीला दिखाएंगे। कार्यक्रम में लट्ठमार व फूलों की होली भी खेली जाएगी। मेले में लोगों के बीच एक लकी ड्रा भी कराया जाएगा। विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे।

क्लब के संस्थापक अध्यक्ष डॉ दिनेश गुप्ता ने बताया कि मेले में निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। समापन पर बुजुर्गों के लिए होली मिलन कार्यक्रम भी होगा।

# परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले मेधावी पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा फल शुक्रवार को घोषित किया गया। बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त किए। कक्षा एक अ में शिवांश, श्रेया विश्व कर्मा प्रथम, रुशिता सिंह द्वितीय, निशि यादव तृतीय रहे। कक्षा दो अ में अदिति श्रीवास्तव प्रथम, दित्या चौधरी द्वितीय, दर्शित कुमार तृतीय रहे। जबकि दो बी में तनुष्का सिद्धार्थ प्रथम, निष्कर्ष सोनकर द्वितीय, खुशी भारती तीसरे स्थान पर रहीं।

कक्षा तीन अ में आद्या अग्रवाल प्रथम, श्रेयांस गंगवार द्वितीय, कौशल राज सिंह और अक्षिता भारद्वाज तृतीय रहे। जबकि तीन ब में अवनि भारती प्रथम लेखांशी गंगवार द्वितीय, विशेष शर्मा तृतीय रहे। कक्षा चार अ में



छात्रा को पुरस्कृत करती प्रधानाचार्य पूजा छावड़ा। ● अमृत विचार

सानवी मिश्रा प्रथम, संचित सिंह द्वितीय, अरनव मलिक तृतीय रहे। कक्षा चार ब में श्रेष्ठी गंगवार प्रथम, ,काव्या द्वितीय, आराध्या पाठक तृतीय रही। कक्षा पांच अ में अनन्या गंगवार प्रथम, लक्षिता राणा, द्वितीय, लावण्या पाल तृतीय रही। जबकि पांच ब में सांगवी राणा प्रथम, अर्जुन द्वितीय, परिधि कपूर तृतीय रहे। कक्षा छह में अनुकल्प शर्मा प्रथम,सार्थक पाल द्वितीय और सिद्धि तृतीय रहे। कक्षा सात में सूर्यांश स्वरूप दीक्षित प्रथम , कर्तव्य शर्मा द्वितीय, आदित्य तृतीय रहे। कक्षा आठ में आस्था राजपूत प्रथम, गौरांशी जायसवाल द्वितीय, वंशिका सिंह चौहान तृतीय रहे। प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा, प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने बच्चों को पुस्कृत किया।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल

पीलीभीत। शहर के सुनगढ़ी मोहल्ला निवासी रामप्रकाश शुक्रवार शाम मंडी से सब्जी लेने जा रहा था। तभी तेज गति में आई बाइक ने रामप्रकाश को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से भाग गया।

**जी.एल. पब्लिक स्कूल, कनाकोर, पीलीभीत**

**आवश्यकता है**

अध्यापक और अध्यापिकाओं की जो NC से कक्षा 5 तक के इंग्लिश मीडियम के बच्चों को तथा कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों को रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, हिन्दी इत्यादि विषय पढ़ा सकें।

**साक्षात्कार 24.03.2024 को प्रातः 11 बजे से होगा।**

अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ सम्पर्क करें।

पता : कनाकोर गहलुइया रोड पर मन्दिर तथा गन्ना सेन्टर के पास

प्रबन्धक–कमलेश बाबू गंगवार
मो. 9719937912




## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में चार घायल, एक रेफर

**गोला गोकर्णनाथ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिजौरिया निवासी विमल, हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवा निवासी रूपेश कुमार, मोहम्मदी थाना क्षेत्र के पिपरिया कप्तान निवासी जसवंत सिंह और लवप्रीत सिंह सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां डाक्टरों ने लवप्रीत को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर भांपकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### गन्ना भरी ट्रॉली से टकराई कार में निकला मांस

**पलियाकलां।** मांस लेकर जा रही एक कार सड़क किनारे खड़ी गन्ना भरी ट्रॉली में टकरा गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। मझगई पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। थाना फूलबेहड़ के गांव जौरा निवासी पवन सिंह गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर पलिया की तरफ जा रहे थे। मझगईं थाना क्षेत्र के बौधिया क्रेशर के पास उन्होंने सड़क किनारे ट्राली खड़ी कर दी और लघुशंका करने चले गए। इसी बीच निघासन की तरफ से आ रही एक अल्टो कार पीछे से ट्राली में टकरा गई जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार भागा निकले। मझगई पुलिस मौके पर पहुंची और कार की तलाशी ली तो उसमें तीन बोरों में मांस बरामद हुआ। कार को कब्जे में लेकर पुलिस ने मांस को जांच के लिए भेजा है। मझगईं थानाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि मांस को जांच के लिए लैब भेजा गया है।

# गन्ना किसानों की होली पर करोड़ों बकाया का साया

## नौ चीनी मिलों में से पांच ने किया भुगतान, बजाज, ऐरा और सहकारी मिल ने दबा लिया पैसा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान करने में सबसे ज्यादा बजाज ग्रुप की चीनी मिलें फिसड्डी हैं**

**अमृत विचार:** पिछले कई सालों से किसान गन्ना मूल्य भुगतान समय पर न मिलने को लेकर परेशान हैं। इस बार लोकसभा चुनाव और शासन की सख्ती के बाद भी नौ में से पांच चीनी मिलों ने 1007.17 करोड़ (दस अरब सात करोड़ 17 लाख रुपये) गन्ना मूल्य दबा रखा है। किसानों को पैसा दबाने वाली मिलों में बजाज की तीन, ऐरा चीनी मिल और संपूर्णानगर की सहकारी मिल शामिल है। इससे किसानों को होली पर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

चीनी मिलों का पेराई सत्र समाप्ति की ओर है, फिरभी गन्ना मूल्य भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिले की डीसीएम ग्रुप की अजबापुर चीनी मिल और बलरामपुर ग्रुप की कुंभी व गुलरिया चीनी मिल ने संपूर्ण गन्ना भुगतान कर दिया है। बिलरायां चीनी मिल ने भी करीब 99.66 प्रतिशत गन्ना भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया है। वहीं बजाज ग्रुप की गोला, पलिया और खंभारखेड़ा मिलों ने किसानों के करीब 917.71 करोड़ रुपये दबा रखे हैं। गोला मिल ने तीन दिसंबर 2023 के बाद से गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं किया है। पलिया मिल ने 17 दिसंबर 2023 से और खंभारखेड़ा ने पांच दिसंबर 2023 के बाद खरीदे गन्ने का भुगतान नहीं किया है। इसी तरह ऐरा मिल पर भी 118.76 करोड़ रुपये बकाया है। संपूर्णानगर मिल ने 22 फरवरी 2024 तक खरीदे गन्ना मूल्य का भुगतान किया है। इस तरह किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान करने में सबसे ज्यादा बजाज ग्रुप की चीनी मिलें फिसड्डी हैं। हालांकि डीएम महेंद्र बहादुर सिंह चीनी मिल प्रबंधकों को जेल भेजने तक की चेतावनी दे चुके हैं, लेकिन इसका असर नहीं पड़ा।

> किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान न करने वाली सभी मिलों को नोटिस भेजा गया है। जल्द भुगतान कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उच्चाधिकारियों को भी रिपोर्ट भेजी गई है, जिनके निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी। – **वेद प्रकाश सिंह**, जिला गन्ना अधिकारी।

### किस मिल पर कितना बकाया

| चीनी मिल | बकाया (करोड़ में) | कब तक का |
|---|---|---|
| गोला चीनी मिल | 396.95 | 03 दिसंबर 2023 |
| पलिया चीनी मिल | 266.89 | 17 दिसंबर 2023 |
| खंभारखेड़ा चीनी मिल | 253.87 | 05 दिसंबर 2023 |
| ऐरा | 118.76 | 28 जनवरी 2024 |
| अजबापुर | संपूर्ण (14 दिन में) | 07 मार्च 2024 |
| कुंभी | संपूर्ण (14 दिन में) | 09 मार्च 2024 |
| गुलरिया | संपूर्ण (14 दिन में) | 09 मार्च 2024 |
| बिलरायां | 0.45 | 03 मार्च 2024 |
| संपूर्णानगर | 16.09 | 22 फरवरी 2024 |



मैलानी निवासी किसान अमीरचंद ने बताया गोला चीनी मिल हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी किसानों का करोड़ों रुपए दबाए बैठी है। होली का त्यौहार है। गन्ने का पैसा होली के त्योहार पर मिल जाता तो होली का त्यौहार खुशियों भरा हो जाता, लेकिन धनाभाव में होली फीकी रह जाएगी।



ग्राम छेदीपुर निवासी किसान भगवानदीन बताते हैं कि इस बार भी होली पर बजाज चीनी मिल गोला ने किसानों का गन्ना भुगतान नहीं किया। किसानों के उपज के दाम त्योहार के बाद मिलने से क्या फायदा। दिन रात मेहनत कर उपज तैयार की जाती है और मिल मालिक उसका समय से भुगतान तक नहीं करते। इससे होली फीकी ही रहेगी।



लोकसभा चुनाव के कारण किसानों को इस बार गन्ना भुगतान समय से होने की उम्मीद थी, इसीलिए किसानों ने अपना गन्ना बजाज ग्रुप की चीनी मिलों को सप्लाई कर दिया। होली और ईद जैसे पर्व पर भी बजाज सहित कई चीनी मिलों ने गन्ने का भुगतान नहीं किया है, जिससे किसान परेशान हैं और प्रदेश सरकार मौन धारण किए है। –**अंजनी कुमार दीक्षित**, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन



गोला चीनी मिल चले हुए साढ़े तीन माह से ज्यादा का समय हो चुका है, लेकिन भुगतान सिर्फ 24 दिन का किया गया है। मिल प्रबंधन की मनमानी है, जिस पर शासन और प्रशासन को अंकुश लगाना चाहिए। होली का त्यौहार पर खर्च के साथ गन्ने की बुवाई के लिए बीज, खाद, कीटनाशक दवाई और मजदूर आदि का बंदोबस्त के पैसों की जरूरत है। इससे किसान कर्जदार होता जा रहा है। –मनोज कुमार वर्मा (फौजी), जिलाध्यक्ष– राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन

# इलेक्टोरल बांड सबसे बड़ा चुनावी चंदा घोटाला: संजीव पांडेय




प्रेस वार्ता करते कांग्रेस प्रदेश सचिव संजीव पांडेय, साथ में मौजूद जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल और जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **कांग्रेस प्रदेश सचिव ने प्रेस वार्ता में सरकार पर साधा निशाना**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव ने कहा कि मोदी सरकार ने चंदा दो.. धंधा लो, रेड डालो..चंदा पा लो मॉडल पर खुली लूट और उगाही की है। कहा कि इलेक्टोरल बांड सबसे बड़ा चुनावी चंदा घोटाला है 1 भाजपा ने सफेद तरीके से काला धन एकत्र करने की एक अपारदर्शी योजना बनाई है, जो सरकारी शक्ति के दुरुपयोग का एक नायाब नमूना बन गई है।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि 15 फरवरी को सर्वोच्च न्यायालय के पांच न्यायमूर्तियों की एक पीठ ने इस योजना को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने शुरू से ही इस चंदे के काले धंधे का विरोध किया था। कोर्ट के दबाव के बाद एसबीआई को जानकारी सार्वजनिक करनी पड़ी तो भाजपा की भ्रष्ट नीतियां उजागर हुईं। जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि ऐसी कई कंपनियां हैं जिन्होंने इलेक्टोरल बांड दान किया। उसके तुरंत बाद उन्हें सरकार से भारी लाभ प्राप्त हुआ। जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता, संजय गोस्वामी, रियाज अहमद मोनू, पंकज दीक्षित, पंकज शुक्ला, कोमल सिंह, रवि गोस्वामी आदि रहे।

# बच्चे की दूसरे दिन भी नहर में हुई तलाश

संवाददाता मितौली

- **पीएसी फ्लड यूनिट ने नहर में चलाया सर्च अभियान**
- **बच्चे के न मिलने से परिवार में मची है चीख पुकार**

**अमृत विचार:** सीतापुर ब्रांच की नहर में डूबे पांच वर्षीय बच्चे की तलाश में दूसरे दिन शुक्रवार को भी फ्लड यूनिट की टीम नहर में उतरी लेकिन बच्चे का कोई पता नहीं चल सका है।

भंडेवरा निवासी रामनिवास का पांच वर्षीय बेटा अक्षत गांव के ही अनिल के छह वर्षीय बेटे आर्तिके के साथ गुरुवार दोपहर शौच के लिए गया था। शौच के दौरान ही वह गांव के पास से निकली नहर में गिर गया। परिजनों ने गांव के लोगों के साथ नहर में अक्षय की तलाश की। पुलिस ने खेतों और नहर में उसकी तलाश कराई, लेकिन कोई पता नहीं चला। सीतापुर की पीएसी फ्लड यूनिट नहर में उतरी, लेकिन अंधेरा होने के कारण करीब तीन घंटे ही अभियान चल सका था। शुक्रवार को फ्लड टीम ने फिर सर्च अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली।



नहर में सर्च ऑपरेशन करती प्लड यूनिट।

प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि फ्लड यूनिट ने करीब दो घंटे तक नहर में सर्च ऑपरेशन चलाया, बालक का कोई पता नहीं चल सका है। राम निवास ने बताया कि करीब छह वर्ष पहले उसके एक और पांच वर्षीय बेटे अंकित की नहर में डूबने से मौत हो गई थी। उसका शव पास के नहर की झाल में मिला था। बड़ी मिन्नतों बाद भगवान ने दूसरा बेटा दिया था। वह भी छीन लिया है।

## प्रक्षेत्र प्रबंधक ने हटवाया अवैध कब्जा

**बिझौली, अमृत विचारः** जमुनाबाद फार्म के निकट उल्ल नदी पर कुछ लोगों ने मिट्टी डालकर रास्ता बंद कर दिया। जिससे दर्जनों गांवों के लोगों का आवागमन प्रभावित हुआ। उन्हें भीरा पलिया तक जाने के लिए दूसरे रास्ते से सात किमी चक्कर लगाकर जाना पड़ा। लोगों ने इसकी सूचना फार्म के प्रक्षेत्र प्रबंधक संजीव कुमार सिंह को दी। प्रक्षेत्र प्रबंधक ने गोला कोतवाली को लिखित सूचना दी लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की और न ही उल्ल नदी पर रास्ता खुलवाया। तब प्रक्षेत्र प्रबंधक ने जेसीबी मंगाकर बंधा सही कराकर रास्ता खुलवाया।

# सभी कार्ड धारकों को राशन मिलना मुश्किल

संवाददाता, मैलानी

- **कोटे की दुकानों पर लग रही भीड़ शोपीस बनीं ई- वेइंग मशीनें**

**अमृत विचारः** सरकारी खाद्यान्न की दुकानों पर घटतौली को रोकने के लिए व्यवस्था को बिना तैयारी के ही लागू कर दिया गया। पहले ही हफ्ते में ही नेटवर्क के अभाव में ई-वेइंग मशीनें हांफने लगी हैं।

15 मार्च से कोटेदारों द्वारा राशन बांटना शुरू कर दिया। होली को दो दिन ही बचे हैं, बावजूद इसके 50 प्रतिशत ही कार्डधारकों को राशन मिला है। उपभोक्ताओं से लेकर कोटेदारों तक यह व्यवस्था सिर दर्द बनी हुई है। सर्वर की खराबी के चलते ई-वेइंग मशीनें अपना काम नहीं कर पा रही है। दुकानों पर पूरा दिन भीड़ रहती है। राशन बांटना शुरू होते ही ई वेइंग मशीनें जवाब देने लगती हैं।

सस्ता गल्ला एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष हरीश बाजपेई ने बताया कि मैलानी नगर में सस्ते गल्ले की चार दुकानें हैं। कोटेदारों के पास लगभग 1500 कार्ड धारक हैं। सभी कोटेदार होली और ईद को देखते हुए रात नौ बजे तक दुकान खोले रहते हैं। बिन्ना निषाद, चिकल्ला, छक्कूलाल, उमाशंकर, सुमित्रादेवी, कौशल्या देवी व अन्य कार्ड धारकों का कहना है 10 से 20 किलो तक गल्ला लेने के लिए पूरा दिन लाइन में लगे रहना पड़ता हैं। फिर भी राशन मिलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में पूरे दिन की दिहाड़ी भी खोनी पड़ती है और गल्ला भी नहीं मिल पा रहा है।



खाली रखी ई-वेइंग मशीन।







# होला महल्ला समागम की तैयारियां तेज, सजा गुरुद्वारा

संवाददाता, महंगापुर (खीरी)

- **24, 25 और 26 मार्च को होगा गुरमत समागम**

**अमृत विचार:** होला महल्ला गुरमत समागम 24 मार्च से शुरू हो रहा है। इसको लेकर गुरुद्वारा नानक पियाउ को बिजली झालरों से सजा दिया गया है। संत बाबा गुरनाम सिंह लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

गुरमत समागम की तैयारियों के लिए कई दिन पहले से देश व विदेश से धर्म प्रचारक के साथ संगत पहुंचने लगी है। 24 मार्च को समागम की शुरुआत होगी। 25 और 26 मार्च को दीवान सजेंगे। गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह ने बताया कि तीनों दिन विद्वानजनों के द्वारा गुरुवाणी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान अमृत संचार होगा। 26 को दिन के दीवान के साथ कार्यक्रम को विराम दिया जाएगा। गुरुद्वारा परिसर व उसके आस पास में साफ सफाई, कार्यक्रम स्टेज, रंगारोगन, सजावट, विशाल चाय व मिष्ठान, खाने के लंगर आदि की व्यवस्था की जा रही है। समागम में रागी कथा वाचक, कीर्तनी जत्थे संगत को गुरुजस सुनाकर निहाल करेंगे।



गुरमत समागम के लिए तैयार हो रहा गुरुद्वारा नानक पियाउ।

## होली, रमजान और चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** होली, रमजान, ईद के साथ लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है।

शुक्रवार को एसएसबी ने कोतवाली पुलिस के साथ कोतवाली क्षेत्र के भुडवारा, जलालपुर, लाल्हापुर व भुसौरिया के क्रिटिकल बूथों का फ्लैग मार्च कर जनता को भरोसा दिलाया है कि वह उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह से मुस्तैद हैं। कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में पुलिस द्वारा लगातार फ्लैग मार्च कर रही है जिससे लोग शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में मतदान कर सकें।गड़बड़ी करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है।

## दुष्कर्म व हत्या के आरोपी पर एनएसए

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र में करीब पांच महीने पहले स्कूल से लौट रही छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या करने के आरोपी पर पुलिस ने एनएसए लगाया है।

थाना सिंगाही क्षेत्र की एक 13 वर्षीय बालिका आठ अक्टूबर 2023 को गांव से कुछ दूर कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र के एक स्कूल में पढ़ने गई थी। वापस आते समय रास्ते में एक युवक ने उसे दबोच लिया और गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म कर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। उसका दूसरे दिन शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ था। पुलिस ने तीसरे दिन आरोपी थाना सिंगाही के गांव बसंतापुर मजरा रमुआपुर निवासी सद्दाम को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। तबसे वह जेल में। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने आरोपी के खिलाफ रासुका (एनएसए) लगाए जाने की अनुमित मांगी थी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अनुमति मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई की है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि आरोपी सद्दाम जमानत पाने का प्रयास कर रहा था। ऐसे खूंखार अपराधी पुनः ऐसे जघन्य अपराध कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### कारखाने से हजारों की चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**भीरा।** कस्बे में स्थित एक कारखाने पर गुरुवार की रात चोरों ने धावा बोल दिया और हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित कारखाना स्वामी ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। कस्बे में भीरा-मैलानी हाईवे के किनारे आरिफ का कारखाना है, जिसमें वह ट्रैक्टर के साथ ही अन्य कल पुर्जों की रिपेयरिंग करता है। गुरुवार की रात चोर कारखाने में घुस आए। इनवर्टर-बैटरा, जेक, कीमती औजार आदि चोरी कर ले गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, जिसमें करीब 50 हजार रुपए का सामान चोरी होने की बात कही है। घटना के बाद व्यापारियों में दहशत है। वहीं व्यापारियों ने पुलिस की गस्त पर सवाल उठाए हैं।

### घर के बाहर बंधी तीन भैंस खोल ले गए चोर

**मैगलगंज।** गांव जमुनिया शहबाज गांव निवासी चंद्रमौलि शुक्ला के घर के बाहर बंधी तीन भैंसों को गुरुवार रात चोर खोल ले गए। शुक्रवार सुबह भैंस स्वामी को इसकी जानकारी हुई। उन्होंने गांव और आसपास भैंस की खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने बताया कि भैंस के पग चिन्ह गोमती नदी के किनारे तक मिले हैं। इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मिल प्रबंधन ने उठाई गोवंश पकड़वाने की मांग

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : पिछले एक माह में चीनी मिल की गन्ना यार्ड में कई गोवंश के शव मिल चुके हैं। भारतीय बजरंग दल के अघोक जोशी और गौ सेवा प्रमुख अनूप गुप्ता समेत कई हिंदू संगठनों ने कड़ा एतराज जताया और विरोध कर चेतावनी दी थी कि चीनी मिल में मृत गोवंश मिले तो आंदोलन किया जाएगा। चीनी मिल के कारखाना प्रबंधक आरके मिश्रा ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि चीनी मिल के केन यार्ड और वैगास यार्ड में छुट्टा जानवर गाय, बछिया, बछड़ा और सांड सैकड़ो की संख्या में घूमते रहते हैं। कुकरा रोड से अधिक लोगों की आवक होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कई बार यह छुट्टा जानवर लोगों पर हमला कर घायल भी कर चुके हैं। कारखाना प्रबंधक ने इसकी सूचना एसडीएम को भी भेजी है।

### शिव मंदिर के बाहर से बाइक चोरी

गोला गोकर्णनाथ। नगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी रत्नेश कुमार की पौराणिक शिव मंदिर में शुक्रवार को शाम करीब साढ़े चार बजे पूजन करने गए थे। वापस लौटे तो उनकी बाइक संख्या यूपी 31 बीएफ/7527 उनकी बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। तहरीर पुलिस को दी है।



